# जनपद पंचायत भगवानपुरा का लेखाधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

- सीसी रोड व चेकडैम की फाइल पास करने के नाम पर मांगा था कमीशन



नव भारत न्यूज

**इंदौर/खरगोन. पंचायत के विकास कार्यों की स्वीकृति के नाम पर कमीशन मांगने वाले जनपद पंचायत भगवानपुरा के लेखाधिकारी को लोकायुक्त टीम ने 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है.**

उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर सुनील तालान ने बताया कि प्रकरण में आवेदक राजेश पंवार, निवासी बिष्टान जिला खरगोन, पेशे से ठेकेदार हैं. उन्होंने ग्राम पंचायत हीरापुर में सीसी रोड और चेकडैम निर्माण कार्य के लिए ठहराव प्रस्ताव बनवाकर 20 जनवरी 2026 को फाइल जनपद पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत की थी.

आरोप है कि लेखाधिकारी महेंद्र सिंह चौहान ने फाइल आगे बढ़ाने के लिए उसी समय 10 हजार रुपये ले लिए और कहा कि 10 लाख रुपये के कार्य में 5 प्रतिशत सीईओ और 2 प्रतिशत स्वयं का कमीशन लगेगा. आवेदक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त संगठन मध्य प्रदेश के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से की. शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए गए. इस दौरान आरोपी ने दो नई फाइलों की स्वीकृति के एवज में फिर 10 हजार रुपये की मांग की. इस पर आवेदक ने अंबाह पंचायत से दो नए कार्यों के ठहराव प्रस्ताव मंजूर कराए और तय योजना के अनुसार फाइल रिश्वत राशि के साथ सौंपने की सहमति दी. गुरुवार 26 फरवरी को गठित ट्रैप दल ने खरगोन में कार्रवाई करते हुए लेखाधिकारी चौहान को आवेदक से 10 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# पटवारी को 3 वर्ष का कारावास, 25 हजार का अर्थदंड

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** लोकायुक्त संगठन मप्र की ट्रैप कार्रवाई में पकड़े गए पटवारी को अदालत ने पांच साल बाद सजा सुनाई है. प्रकरण के अनुसार, आरोपी चिंताराम पटेल, जमाली कला, तहसील पंधाना, जिला खंडवा के खिलाफ मामला दर्ज किया था. शिकायतकर्ता राकेश मौर्य, निवासी ग्राम जामली कला ने आरोप लगाया था कि जमीन के बंटवारे एवं नामांतरण पावती तैयार करने के एवज में आरोपी द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी. शिकायत पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को प्रस्तुत की गई थी, सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर 27 सितंबर 2021 को ट्रैप कार्रवाई की गई थी, जिसमें आरोपी पटवारी को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय खंडवा में चली.

## पेज एक का शेष

### मप्र में निवेश हर मायने में फायदे का सौदा

दिशा देने का एक साझा मंच है. भीलवाड़ा की समृद्ध वस्त्र विरासत से जुड़कर मप्र भी अनेकानेक संभावनाओं को तलाश कर बढ़ते हुए राजस्थान के साथ अपनी दीर्घकालिक भागीदारी करना चाहता है. हम सब मिलकर अपनी वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे. मप्र राजस्थान का सहोदर जैसा रिश्ता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि लंबे समय से मप्र और राजस्थान का सहोदर जैसा रिश्ता रहा है. दोनों राज्यों में सदैव व्यापार की अनुकूलता रही है. पद्म विभूषण से राजस्थान के सम्मानित स्व. घनश्याम दास बिड़ला ने उज्जैन जिले के नागदा में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की स्थापना की थी. राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ के कारोबारियों में व्यापार-व्यवसाय की कुशलता अद्भुत है. मध्यप्रदेश सरकार ने राजस्थान सरकार के साथ सालों से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल पीकेसी परियोजना पर समझौता कर दोनों राज्यों के नागरिकों को सुगम जल उपलब्धता की एक नई सौगात दी है. दुनिया के देश चुनौतियों का सामना करते हुए हम आगे बढ़ने के लिए प्रयास कर रहे हैं. अगर कोई देश प्रतिबंध लगाएगा, तो हम दूसरा रास्ता निकालेंगे. यूरोप के साथ टैक्सटाइल ट्रेड एण्ड बिजनेस को आगे बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं हैं.


AXIS BANK

**महत्वपूर्ण घोषणा**

**हम अपना पता बदल रहे हैं**

पालदा मे ऐक्सिस बैंक की शाखा ३० अप्रैल २०२६ से नए स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगी।

**वर्तमान पता:**

**ऐक्सिस बैंक लि., 105, श्री राम नगर, नेमावर मेन रोड पालदा, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश - ४५२००१ ।**


**नया पता:**

**ऐक्सिस बैंक लि., भूतल, मकान संख्या 1, वार्ड नं. 64, सर्वे नं. 248/1/1, पैकी पवन नगर, मेन रोड, नेमावर रोड, पालदा, इंदौर, मध्य प्रदेश - ४५२००१ ।**

हम आपका स्वागत करने के लिए तत्पर हैं।


# स्नान और दर्शन स्थल तक श्रद्धालुओं को पहुंचाना सरकार के लिए बना चुनौती

- ट्रैफिक सुधार और पार्किंग का बड़ा टॉस्क
- सिंहस्थ मेले से पूर्व माइक्रो लेवल प्लॉनिंग
- हाईवे किनारे बनेंगे बड़े पार्किंग हब



नवभारत न्यूज

**उज्जैन,** बीते सिंहस्थ 2016 से अनुभव लेकर आने वाले महाकुंभ 2028 की तैयारी जिस तरह से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर में की जा रही है ऐसे में सरकार दो विषयों को लेकर चिंतित है एक तो ट्रैफिक को संतुलित बनाना ताकि आम जनता, स्थानीय रहवासी और बाहर से आने वाले श्रद्धालु साधु संत परेशान ना हो, वहीं स्नान के लिए मोक्षदायनी मां शिप्रा के घाटों से लेकर दर्शनीय स्थलों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाना है, जिसको लेकर अब स्थानीय पर अफसरो ने ताकत झोंक दी है.

सिंहस्थ 2028 को लेकर अब तैयारियां कागजों से निकलकर जमीन पर उतरने लगी हैं. प्रशासनिक अमला लगातार मंथन में जुटा है ताकि आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को शहर में प्रवेश से लेकर घाट तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो. योजना के मुताबिक शहर के बाहर ही अलग-अलग जोन में पार्किंग तैयार की जाएगी. इन्हें तीन स्तरों में बांटने की तैयारी है, ताकि भीड़ का दबाव एक जगह न पड़े. कोशिश यह रहेगी कि घाटों से पार्किंग की दूरी ज्यादा न हो और पैदल या शटल व्यवस्था से लोग आसानी से पहुंच सकें.

**करोड़ों श्रद्धालु, लाखों वाहन**-उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ में जो श्रद्धालुओं आएंगे उनकी संख्या 30 करोड़ आंकी गई है ऐसे में लाखों वाहनों को पार्किंग में समायोजित करने के हिसाब से जगह चिन्हित की जा रही है. इंदौर, देवास, बड़नगर, बदनावर, आगर, मक्सी और गरोठ की ओर से आने वाले मार्गों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, इन्हीं रास्तों से सबसे ज्यादा ट्रैफिक आने की संभावना है.

**हाईवे और बायपास पर नजर**-अफसरों की रणनीति यह है कि फोरलेन और सिक्सलेन सड़कों के आसपास बड़े पार्किंग जोन विकसित किए जाएं, ताकि शहर के अंदर वाहनों का दबाव कम रहे. पार्किंग स्थलों पर पेयजल, शौचालय, रोशनी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की तैयारी है. पिछली बार बहुत भटकना पड़ा-वर्ष 2016 के सिंहस्थ में श्रद्धालुओं लोगों को बहुत भटकना पड़ा, ऐसे में पिछले कुंभ आयोजन के अनुभव को देखते हुए इस बार यह कोशिश की जा रही है कि वाहन खड़े करने के बाद श्रद्धालुओं को ज्यादा भटकना न पड़े. घाट तक जाने के लिए पक्के रास्ते और जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक मार्ग भी तैयार किए जाएंगे.

### जाम से बचने के लिए वैकल्पिक रास्ते

नवभारत से चर्चा चर्चा में संभाग आयुक्त व सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि मार्गों के साथ-साथ वैकल्पिक रूट पहले से तैयार रखे जाएंगे. ऐसा प्लान है, कुछ स्थानों पर अंडरपास और कनेक्टिंग रोड विकसित करने की भी योजना है, ताकि एक ही दिशा में ट्रैफिक का दबाव न बने।देवास और इंदौर मार्ग के बीच अतिरिक्त संपर्क मार्ग विकसित करने पर विचार हुआ है.





एक्स-शोरूम कीमत ₹86,311#

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड | Powered by pine labs

Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौरः सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैनः क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगरः स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुरः बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावरः नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगरः रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुरः रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदाः कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुरः रॉयल बाईक्स 8817784120, तरानाः क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ाः नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासाः मारू मोटर्स 9617944999, पिपलोदाः निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़ः खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठः श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़ः ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, तालः श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाईः अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनीः श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलांः तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुरः सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबटः धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवाः राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्राः श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौरः आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़ः रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़ः महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमलीः न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलोटः दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊः तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडीः नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदाः जेएस मोटर्स, 9926600906.

FCB.INTERFACE/8486/DEC25/HINDI


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्पलेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., फिरोज गांधी प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60